# उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य-सूची

-------

मंगलवार, 08 श्रावण, शक संवत् 1946

(30 जुलाई, 2024)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न। (देखिये नत्थी 'क')

---

**(12:20 बजे अपराह्न)**

2-वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों को प्रस्तुत करेंगे।

3-कृषि मंत्री, प्रदेश में जातिवार जनगणना कराये जाने के सम्बन्ध में सर्वश्री (डा0) मान सिंह यादव, लाल बिहारी यादव, आशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव व श्री शाहनवाज खान, सदस्य, विधान परिषद् एवं श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, पूर्व सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 09 फरवरी, 2024 को नियम-105 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

4-समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्व अभिलेखों में जाति के कॉलम में त्रुटिवश अंकित पेशागत स्थानीय पुकारू नाम 'कमकर' को संशोधित/विलोपित कराते हुये मूल जाति 'खरवार' अंकित करवाये जाने के सम्बन्ध में श्री अरुण पाठक व श्री श्रीचन्द शर्मा, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 06 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

5-मुख्य मंत्री, मंत्री आवास, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में स्वच्छता की जटिल समस्या को दृष्टिगत रखते हुये स्वच्छता सम्बन्धित एजेन्सी की नियुक्ति कराये जाने के

सम्बन्ध में श्री अनूप कुमार गुप्ता व श्री रजनीकान्त महेश्वरी, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 06 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

6-औद्योगिक विकास राज्य मंत्री, जिला रायबरेली की तहसील ऊंचाहार के अन्तर्गत ग्राम सभा-इटौरा बुजुर्ग में यूपीडा द्वारा किसानों की भूमि के अधिग्रहण के सम्बन्ध में श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, पूर्व सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 05 फरवरी, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

7-श्री पवन कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-सरैया भटपुरवा, विकास खण्ड-रेउसा, जनपद-सीतापुर के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'ख')

8-श्री पवन कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-मक्कनपुरवा, ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा, विकास खण्ड-रेउसा, जनपद-सीतापुर के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'ग')

9-श्री अनूप कुमार गुप्ता, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-सियाथू, ब्लाक-बेहजम, जनपद-लखीमपुर खीरी के निवासियों की ओर से खेल का मैदान बनवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'घ')

10-श्री अनूप कुमार गुप्ता, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-सियाथू, मजरा बैकुण्ठा, ब्लाक-बेहजम, जनपद-लखीमपुर खीरी के निवासियों की ओर से सार्वजनिक पुस्तकालय का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'ङ')

11-इंजी0 अवनीश कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-सातनपुर, विकास खण्ड-खीरों, जनपद-रायबरेली के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'च')

12-इंजी0 अवनीश कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-धोबहा, विकास खण्ड-जगतपुर, जनपद-रायबरेली के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिये देखिये नत्थी 'छ')

13-डा0 मान सिंह यादव, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-जयसिंहपुर, विकास खण्ड-किला परिक्षितगढ़, जनपद-मेरठ के निवासियों की ओर से रजबहे की पटरी पर सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'ज')

लखनऊ :
मंगलवार, 08 श्रावण, शक संवत् 1946
(30 जुलाई, 2024)

आज्ञा से,
**डा0 राजेश सिंह,**
प्रमुख सचिव।

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 19-4-2024 |
| *2 | 19-4-2024 |
| *3 | 19-4-2024 |
| *4 | 2-5-2024 |
| *5 | 24-6-2024 |
| *6 | 20-7-2024 |
| *7 | 20-7-2024 |
| *8 | 20-7-2024 |
| *9 | 20-7-2024 |
| *10 | 20-7-2024 |
| *11 | 20-7-2024 |
| *12 | 20-7-2024 |
| *13 | 20-7-2024 |
| *14 | 20-7-2024 |

## अतारांकित प्रश्न

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 19-4-2024 |
| 2 | 19-4-2024 |
| 3 | 24-4-2024 |
| 4 | 24-4-2024 |
| 5 | 2-5-2024 |
| 6 | 2-5-2024 |
| 7 | 2-5-2024 |
| 8 | 2-5-2024 |
| 9 | 2-5-2024 |
| 10 | 2-5-2024 |
| 11 | 2-5-2024 |
| 12 | 2-5-2024 |
| 13 | 2-5-2024 |
| 14 | 2-5-2024 |
| 15 | 2-5-2024 |
| 16 | 2-5-2024 |
| 17 | 3-5-2024 |
| 18 | 9-5-2024 |
| 19 | 9-5-2024 |
| 20 | 9-5-2024 |
| 21 | 9-5-2024 |
| 22 | 9-5-2024 |
| 23 | 9-5-2024 |
| 24 | 12-6-2024 |
| 25 | 12-6-2024 |
| 26 | 12-6-2024 |
| 27 | 12-6-2024 |
| 28 | 12-6-2024 |
| 29 | 24-6-2024 |
| 30 | 20-7-2024 |

# नत्थी 'क'

मंगलवार, दिनांक 30 जुलाई, सन् 2024 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### प्रदेश के किसानों को सरकार की तरफ से निःशुल्क यूरिया खाद दिलाये जाने के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव 1 — कृषि मंत्री

*1-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के किसानों को सरकार की तरफ से निःशुल्क यूरिया खाद दिये जाने की कोई कार्य योजना है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्या कोई कार्य योजना बनवाते हुए प्रदेश के किसानों को निःशुल्क खाद दिलायेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**उ0प्र0 सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के आवास आवंटन के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री लाल बिहारी यादव<br>2 | *2-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को एक कमरे का आवास आवंटित किया जाता है, जिससे एक कमरे के मकान में कर्मचारी, उनकी पत्नी, बच्चे व माता-पिता को रहने में अत्यन्त कठिनाई होती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार उ0प्र0 सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आंगन एवं बरामदा सहित 02 कमरे का आवास आवंटित करने हेतु राज्य सम्पत्ति अधिकारी, उ0प्र0 शासन को आदेशित करने का कष्ट करेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |

**देशी/अंग्रेजी शराब की दुकानों को स्थापित करने के लिये निर्धारित नीति का अनुपालन किये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी<br>3 | *3-(क) क्या आबकारी मंत्री बतायेंगे कि देशी/अंग्रेजी शराब की दुकानों को स्थापित करने के लिए विद्यालयों एवं मन्दिरों आदि से कितनी दूरी पर स्थापित किये जाने का प्राविधान है ?<br>(ख) जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम बेलहरा में स्थापित देशी शराब की दुकान खेसरहा अन्तर्गत प्राथमिक पाठशाला बेलहरी की दूरी कितनी है ?<br>(ग) क्या विद्यालय के समीप देशी शराब की दुकान स्थापित होने से पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के मस्तिष्क पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है ?<br>(घ) क्या निर्धारित नीति का अनुपालन न करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच कराकर जाँच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

**प्रश्नकर्ता के पत्रांक सं0-221/प्र0सं0स0/2024, दिनांक 15-03-2024 के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री राज बहादुर सिंह चन्देल<br>4 | *4-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक सं0-221/प्र0सं0स0/2024, जो दिनांक 15-03-2024 को प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या हैं ?<br>(ग) उक्त पत्र पर कोई कार्यवाही की गयी है ?<br>(घ) यदि नहीं, तो कार्यवाही न किये जाने का क्या कारण है ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

## जनपद-कन्नौज के तहसील क्षेत्र तिर्वा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चैनेज के मध्य छूटी हुई सर्विस लेन के निर्माण के सम्बन्ध में

श्री आशुतोष सिन्हा 5 — औद्योगिक विकास मंत्री

*5-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-कन्नौज के तहसील क्षेत्र तिर्वा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के चैनेज 196.900 से 197.300 के मध्य छूटी हुयी सर्विस लेन के जमीन अधिग्रहण की क्या स्थिति है ?

(ख) उपरोक्त छूटे हुये सर्विस लेन के निर्माण हेतु बजट की धनराशि कब तक स्वीकृत करायेंगे ?

(ग) उपरोक्त छूटे हुये सर्विस लेन का निर्माण कार्य कब तक पूरा करायेंगे ?

## प्रश्नकर्ता के लेटर हेड संख्या-क-54801 में फर्जी हस्ताक्षर कर दुरुपयोग किये जाने के सम्बन्ध में

श्री अनूप कुमार गुप्ता 6 — समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*6-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता के लेटर हेड संख्या-क-54801 को स्कैन/कॉपी करके दिनांक 27-09-2023 के पत्र एवं इससे पूर्व/पश्चात् भी कोई फर्जी हस्ताक्षरयुक्त पत्र कब-कब प्राप्त हुए हैं एवं उन पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही हुई है ?

(ख) क्या प्रश्नकर्ता के लेटर हेड संख्या-क-54801 को स्कैन/कॉपी कर दुरुपयोग किए जाने के सन्दर्भ में आपको लिखे शिकायती-पत्र पंत्राक सं0-13/BJPUP/2024, दिनांक 23-01-2024 एवं प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन को लिखे विस्तृत शिकायती-पत्र सं0-33/BJPUP/2024, दिनांक 15-02-2024 (लेटर हेड संख्या-क-नं0-048174) प्राप्त हुए हैं एवं उपरोक्त पत्रों पर आपके विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

(ग) क्या उपरोक्त लेटर हेड के दुरुपयोग से सम्बन्धित शिकायत पर कोई कार्यवाही करेंगे ?

(घ) यदि हां, तो कब तक ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

## प्रदेश में इन्वेस्टर समिट के माध्यम से आयी कम्पनियों में नवयुवकों को रोजगार दिलाये जाने के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव 7 — औद्योगिक विकास मंत्री

*7-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि इन्वेस्टर समिट के माध्यम से आयी कम्पनियों में से कितनी कम्पनियों का दिनांक 11 मार्च, 2024 तक सुचारु रूप से

कार्य आरम्भ हो गया है और उसके अन्तर्गत कितने बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार प्राप्त हुआ है ?

(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

**अयोध्या मण्डल में स्थित जनपदों में दिव्यांगजनों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 8 — दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*8-(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि अयोध्या मण्डल में स्थित जनपदों में कितने दिव्यांगजन चिन्हित किये गये हैं ?

(ख) चिन्हित किये गये दिव्यांगजनों को राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी सुविधाएं दी जा रही हैं ?

(ग) क्या कुल संख्या के 50 प्रतिशत से कम दिव्यांगजनों को उक्त सुविधा दी जा रही है ?

(घ) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के विकास हेतु सरकार की कार्य योजना के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव 9 — समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*9-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की कितनी आबादी है ?

(ख) राज्याधीन सेवाओं में अनुसूचित जनजाति का कितना प्रतिशत है ?

(ग) अनुसूचित जनजाति के विकास हेतु सरकार की क्या कोई कार्य योजना है ?

(घ) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**विधायक निवास के रूप में आवंटित आवासों में मरम्मत तथा कथित निर्माण पर आवंटित धन का दुरुपयोग किये जाने के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 10 — मुख्य मंत्री

*10-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि विधायक निवास के रूप में आवंटित आवासों के कितने कक्ष में विधान मण्डल के सदस्य आवासित हैं ?

(ख) क्या राज्य सम्पत्ति विभाग के अधीन पी0डब्लू0डी0 विभाग द्वारा मरम्मत तथा कथित निर्माण पर आवंटित धन का दुरुपयोग किया गया है ?

(ग) यदि हाँ, तो वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कुल कितनी धनराशि पी0डब्लू0डी0 विभाग को आवंटित हुई ?

(घ) क्या उक्त विभाग द्वारा किये गये कार्यों का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

श्री आशुतोष सिन्हा
11

*11-[माननीय मंत्री के अनुरोध पर स्थगित]

श्री लाल बिहारी यादव
12

*12-[अन्तरित]

श्री आशुतोष सिन्हा
13

*13-[विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त]

**प्रश्नकर्ता के प्राप्त पत्रों पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में**

श्री अनूप कुमार गुप्ता
14

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*14-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उनको सम्बोधित पत्र-54801, पत्रांक सं0-ए0जी0एल0-137/2023, दिनांक 22-05-2023 आपको प्राप्त हुआ, उक्त पत्र के मूल विषय क्या थे तथा उस पर क्या कार्यवाही हुई ?

(ख) समाज कल्याण मंत्री एवं प्रमुख सचिव, समाज कल्याण को दिनांक 10-07-2024 तक कितने पत्र प्राप्त हुये और कौन-कौन से पत्र प्राप्त हुये ?

(ग) अब तक प्राप्त पत्रों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई ?

(घ) उक्त पत्रों की कृत कार्यवाही की सूचना एवं रिसीविंग की प्रमाणित प्रति सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

## अतारांकित प्रश्न

श्री आशुतोष सिन्हा
1

मुख्य मंत्री

1-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि राज्य सम्पति विभाग के पत्र संख्या-559/बत्तीस-4-2024-48 एल0 सी0/2022, दिनांक 29 फरवरी, 2024 के द्वारा किन-किन राजकीय आवासों के अनुरक्षणों का आगणन मांगा गया था ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त आवासों के अनुरक्षणों का आगणन स्वीकार करके कार्य सम्पन्न करा दिये गये हैं ?

(ग) यदि नहीं, तो उक्त कार्य कब तक करायेंगे ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>2 | 2-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि राजकीय कालोनी, बादशाहनगर में एल-16/6, एल-16/7 तथा एल-16/8 की खिड़कियां तथा दरवाजे दीमक लगने से गल गये हैं तथा बाथरूम के दरवाजे भी पानी से गल गए हैं ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उपरोक्त आवासों की खिड़कियों तथा दरवाजों तथा बाथरूम के दरवाजों को बदलवायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>3 | 3-(क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश की ग्राम सभाओं में खेल के मैदान/सरकारी जमीन पर ओपेन जिम लगाया जा रहा है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो जनपद रायबरेली की तहसील-ऊँचाहार, विकास खण्ड-जगतपुर, ग्राम पंचायत-भखौवापुर, मजरे धर्मदासपुर में ओपेन जिम लगवायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>4 | 4-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद लखनऊ में वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन संख्या-313220948761 व 313220957111 उप जिलाधिकारी के लॉगिन पर लम्बित थे ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त दोनों आवेदनों की पेंशन लभार्थियों के खातों में भेज दी गयी है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब ?<br>(घ) क्या उक्त भुगतान का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>5 | 5-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि राजकीय शाखा मुद्रणालय, हजरतगंज, लखनऊ के सहायक फोरमैनों की कम्पोजीटर के पद पर पदोन्नति के फलस्वरूप अन्य कर्मचारियों की भाँति एक वेतनवृद्धि का लाभ अनुमन्य कराने के सम्बन्ध में संबंधित कार्मिकों को दिनांक 04 जनवरी, 2024 व 19 मार्च, 2024 का पत्र जो कि क्रमशः संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, ऐशबाग, लखनऊ व निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, उ0प्र0 कैम्प कार्यालय/प्रयागराज को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | औद्योगिक विकास मंत्री |

(ख) यदि हाँ, तो उक्त प्रार्थना-पत्रों के मुख्य बिन्दु क्या-क्या थे और किन-किन तथ्यों का उल्लेख करते हुए उक्त लाभ दिये जाने का अनुरोध किया गया है ?

(ग) क्या प्रार्थना-पत्र में इंगित तथ्यों के आधार पर उक्त लाभ दिया जाना समीचीन होगा ?

(घ) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>6 | 6-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि राजकीय शाखा मुद्रणालय, हजरतगंज, लखनऊ में कार्मिकों के कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने पद वर्तमान में रिक्त हैं ?<br>(ख) उक्त रिक्त पदों को अभी तक न भरे जाने के क्या कारण हैं ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>7 | 7-(क) क्या पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बतायेंगे कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2023-2024 में प्रदेश में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिये जाने हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सं0 200010102101481, 200010102101112, 20001050210071 के माध्यम से आवेदन किये गये हैं ?<br>(ख) यदि हां, तो क्या उक्त आवेदन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान कर दिया गया है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>8 | 8-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के ब्लाक-सकरन मुख्यालय पर कोई बारातघर न होने से लोगों को सामाजिक कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु बारातघर का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>9 | 9-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत एक व्यक्ति को कितनी भूमि आवंटित किये जाने का प्राविधान है ?<br>(ख) जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम सूवाबोझ कालोनी मैलानी के निवासियों को पुनः भूमि आवंटित किये जाने के कितने प्रकरण विचाराधीन हैं ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>10 | 10-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन नव निर्मित डालीबाग कालोनी के ब्लाक संख्या-4 के अनुरक्षण हेतु विगत 3 वर्षों में कितनी धनराशि आवंटित की गयी ?<br>(ख) क्या उक्त भवन में कराये गये कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया गया या उक्त भवन के अध्यासियों से लिखित जानकारी की गयी ?<br>(ग) क्या उक्त ब्लाक के भवनों में कराये गये कार्यों के बाद भी आवासों में सीलन की समस्या बनी हुई है ?<br>(घ) यदि हाँ, तो कब तक उक्त समस्या का समाधान करायेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>11 | 11-(क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि राजकीय मुद्रणालय उ0प्र0 के तकनीकी संवर्ग की कौन सी नियमावली प्रचलित है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त नियमावली को संशोधित न किए जाने के कारण तकनीकी संवर्ग की भर्ती, प्रोन्नति तथा अन्य हित लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं ?<br>(ग) यदि हां, तो उक्त नियमावली कब तक संशोधित कर दी जायेगी जिससे तकनीकी संवर्ग को भी लाभ प्राप्त हो सके ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>12 | 12-(क) क्या युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के तहसील मुख्यालय बिसवां में कोई स्टेडियम न होने से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा का विकास नहीं हो पा रहा है ? | युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु स्टेडियम का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>13 | 13-(क) क्या व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद में कोई राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान न होने से युवाओं को व्यावसायिक तकनीकी प्रशिक्षण नहीं प्राप्त हो पाता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना करायेंगे ?<br>(ग) यदि हां, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>14 | 14-(क) क्या व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत कौशल विकास के क्या-क्या कार्य किये गये हैं ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>15 | 15-(क) क्या रेशम उद्योग मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के मिश्रिख तहसील में रेशम उद्योग के किसानों को संसाधनों के अभाव में रेशम की खेती करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हां, तो क्या उक्त समस्या के समाधान हेतु जरूरी संसाधन उपलब्ध करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | रेशम उद्योग मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>16 | 16-(क) क्या दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डलों के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 10 अप्रैल, 2024 तक दिव्यांगजन व्यक्तियों को लाभ पहुँचाने के लिये क्या-क्या कार्य किये गये हैं ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा 17 | 17-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग में दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 01 जनवरी, 2024 तक पेंशन हेतु कितने आवेदन किये गये और उनमें से कितनों को पेंशन मिलनी प्राप्त हो गयी है ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव 18 | 18-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-रायबरेली के तहसील-ऊँचाहार, विकास खण्ड-जगतपुर, ग्राम पंचायत धर्मदासपुर, हरदीटीकर, गौरा लखनी, केवलपुर, बरेथा में दिनांक 01 जनवरी, 2022 से 30 मार्च, 2024 तक कितने वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) उक्त आवेदनों में से कितने आवेदन ऐसे हैं, जो विकास खण्ड स्तर एवं तहसील स्तर पर लम्बित हैं तथा कितने आवेदन स्वीकार तथा कितने अस्वीकार हुए हैं ?<br>(ग) क्या उक्त आवेदनों के नाम, पतों सहित सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव 19 | 19-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद कानपुर नगर के तहसील सदर में वृद्धावस्था पेंशन के 313722318661 के साथ ही दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 31 मार्च, 2024 तक कुल कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं ?<br>(ख) उक्त पेंशन के आवेदनों में तहसील की रिपोर्ट लगने की कोई समय-सीमा निर्धारित है ?<br>(ग) उक्त आवेदनों में से कितने आवेदन ऐसे हैं जिनमें अभी तक तहसील से रिपोर्ट नहीं प्राप्त हुयी है ?<br>(घ) कितने आवेदनों की पेंशन आवेदनकर्ताओं के खाते में भेज दी गयी है ?<br>(ङ) उक्त आवेदनों की सम्पूर्ण सूची नाम व पते सहित सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(च) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव 20 | 20-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव की तहसील सदर में वृद्धावस्था पेंशन के रजिस्ट्रेशन संख्या-313122619461 व 313122580161 के साथ ही दिनांक 01 मार्च, 2024 से 15 अप्रैल, 2024 तक कुल | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ?<br>(ख) उक्त आवेदनों में से कितने आवेदन ऐसे हैं, जिनमें अभी तक तहसील से रिपोर्ट नहीं प्राप्त हुयी है ?<br>(ग) क्या उक्त आवेदनों की पेंशन आवेदनकर्ता के खाते में भेज दी गयी है ?<br>(घ) उक्त आवेदनों की सम्पूर्ण सूची नाम व पते सहित सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डा0 मान सिंह यादव<br>21 | 21-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री परिषद् के प्रथम सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या-1 के खण्ड-'ख' के उत्तर क्रम में बतायेंगे कि रजिस्ट्रेशन संख्या-313111819831 पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर रिस्पाँस हेतु अपलोड है ?<br>(ख) क्या उक्त आवेदनकर्ता की पेंशन खाते में भेज दी गयी है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब ?<br>(घ) क्या उक्त भुगतान का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>22 | 22-(क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सलेमपुर पतौरा, ब्लाक काकोरी, जनपद-लखनऊ के निवासियों को किसान सम्मान निधि दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2024 जोकि विशेष सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है और क्या पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त होने लगा है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | कृषि मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>23 | 23-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम पंचायत-सन्दाना, ब्लाक-हिलौली, तहसील-पुरवा, जनपद उन्नाव में आवेदन संख्या-3131132286 के साथ ही दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 22 अप्रैल, 2024 तक पारिवारिक लाभ योजना के कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) यदि हाँ, तो उक्त आवेदनकर्ताओं में से कितनों को पारिवारिक लाभ प्रदान करा दिया गया है ?<br>(ग) उक्त शेष बचे आवेदनकर्ताओं को कब तक लाभ प्रदान करायेंगे ?<br>(घ) उक्त आवेदनकर्ताओं की सम्पूर्ण सूची सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डा0 मान सिंह यादव<br>24 | 24-(क) क्या उद्यान मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में उद्यानों की कुल संख्या कितनी है ?<br>(ख) उक्त उद्यानों के रख-रखाव पर प्रति वर्ष सरकार द्वारा कितना व्यय किया जाता है ?<br>(ग) उद्यानों के रख-रखाव की गुणवत्ता बढ़ाने के सम्बन्ध में क्या सरकार और अधिक धनराशि स्वीकृत करने पर विचार करेगी ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>25 | 25-(क) क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कितने क्रीड़ा विद्यालय हैं ?<br>(ख) उक्त विद्यालयों में कितने छात्र पंजीकृत हैं ?<br>(ग) प्रदेश में क्रीड़ा के विकास हेतु क्या सरकार और अधिक क्रीड़ा विद्यालय बनायेगी ?<br>(घ) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>26 | 26-(क) क्या आबकारी मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी आबकारी की दुकानें पंजीकृत हैं ?<br>(ख) प्रदेश में आबकारी की दुकानों को बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में क्या सरकार की कोई कार्य योजना है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>27 | 27-(क) क्या कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कृषि विदेश व्यापार से पिछले वर्ष कितनी धनराशि का व्यापार किया गया है ?<br>(ख) क्या प्रदेश से विदेश में कृषि व्यापार बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में सरकार की कोई कार्य योजना है ? | कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डा0 मान सिंह यादव<br>28 | 28-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि बादशाहनगर राजकीय कालोनी, जनपद-लखनऊ के ब्लाक-एल के निवासियों द्वारा आवास के मरम्मत हेतु दिनांक 25 अप्रैल, 2024 से 21 मई, 2024 तक राज्य सम्पत्ति अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित कितने कार्मिकों के प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए हैं ?<br>(ख) उपरोक्त प्रार्थना-पत्रों के क्रम में अब तक क्या कार्यवाही हुई है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>29 | 29-(क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव की तहसील सदर व तहसील पुरवा में वृद्धावस्था पेंशन के 313122619461, 313122580131 व 313112878761 के आवेदन किये गये हैं ?<br>(ख) क्या उक्त आवेदनों की पेंशन आवेदनकर्ताओं के खातों में भेज दी गयी है ?<br>(ग) क्या उक्त आवेदनों का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |
| डा0 मान सिंह यादव<br>30 | 30-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि नव निर्मित डालीबाग कालोनी 80 क्वार्टर लखनऊ में छः माह से मोटर खराब होने के कारण कालोनीवासियों को पेयजल का विकराल संकट उत्पन्न हो गया है ?<br>(ख) यदि हां, तो कब तक उक्त स्थान पर पेयजल की समुचित व्यवस्था करते हुए कालोनीवासियों से सन्तुष्टि-पत्र प्राप्त कर सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |

------

# नत्थी 'ख'

**याचिका की प्रतिलिपि**
**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद सीतापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-रेउसा, ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा में ग्वारी शुक्लनपुरवा रोड पर शुक्लनपुरवा से भयापुरवा होकर खरसोता डामर रोड तक लगभग 2.5 किमी0 इण्टरलॉकिंग रोड़ बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपसे हम सब ग्रामवासी जनपद-सीतापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-रेउसा, ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा के निवासी हैं। हमारे ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा में ग्वारी शुक्लनपुरवा रोड पर शुक्लनपुरवा से भयापुरवा होकर खरसोता डामर रोड़ तक लगभग 2.5 किमी0 मार्ग काफी खराब होने के कारण वहां के निवासियों को आवागमन में काफी असुविधा होती है। हम सब ग्रामवासी पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। किन्तु आज तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही हुई। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से विनम्र निवेदन है कि ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा में ग्वारी शुक्लनपुरवा रोड पर शुक्लनपुरवा से भयापुरवा होकर खरसोता डामर रोड तक लगभग 2.5 किमी0 इण्टरलॉकिंग रोड़ बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
07 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

--------

# नत्थी 'ग'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद सीतापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-रेउसा, ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा के ग्राम-मक्कनपुरवा में रामपाल के घर से होते हुये रामचन्दर के घर के पास से सूरजलाल के घर तक लगभग 200 मीटर इण्टरलॉकिंग रोड बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपसे निवेदन करना है कि हम सब प्रार्थीगण ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा, विकास खण्ड-रेउसा, जनपद सीतापुर के निवासी हैं। हमारे ग्राम-मक्कनपुरवा में रामपाल के घर से होते हुये रामचन्दर के घर के पास से सूरजलाल के घर तक सड़क मार्ग बहुत खराब अवस्था में है। उक्त मार्ग का निर्माण कराये जाने हेतु जिला स्तर पर कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से विनम्र निवेदन है कि जनपद सीतापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड-रेउसा, ग्राम सभा-सरैया भटपुरवा के ग्राम-मक्कनपुरवा में रामपाल के घर से रामचन्दर के घर से होते हुये सूरजलाल के घर तक इण्टरलॉकिंग रोड बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
07 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

# नत्थी 'घ'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद-लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत विकास खण्ड-बेहजम के ग्राम पंचायत-सियाथू में एक खेल मैदान बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपसे हम सब ग्रामवासी जनपद-लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत विकास खण्ड-बेहजम, पोस्ट-सियाथू, ग्राम-बैकुण्ठा के निवासी हैं। हमारे ग्राम पंचायत-सियाथू में खेल मैदान बनवाये जाने हेतु हम सभी ग्रामवासी पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से विनम्र निवेदन है कि ग्राम पंचायत-सियाथू में एक खेल मैदान बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

------

# नत्थी 'ङ'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत विकास खण्ड-बेहजम के ग्राम पंचायत-सियाथू मजरा बैकुण्ठा में सार्वजनिक पुस्तकालय बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपसे निवेदन करना है कि हम सब प्रार्थीगण ग्राम पंचायत-सियाथू मजरा बैकुण्ठा में सार्वजनिक पुस्तकालय बनवाये जाने हेतु हम सब लोग पिछले कई वर्षों से प्रयासरत हैं। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से विनम्र निवेदन है कि ग्राम पंचायत-सियाथू मजरा बैकुण्ठा में सार्वजनिक पुस्तकालय बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
06 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-------

# नत्थी 'च'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद-रायबरेली के अन्तर्गत विकास खण्ड-खीरों, ग्राम-सभा-सातनपुर में ए0एन0एम0 सेन्टर से सत्रेश्वर विद्या मन्दिर तक का लगभग-800 मीटर सड़क बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपसे निवेदन करना है हम सब प्रार्थीगण ग्रामसभा-सातनपुर, विकास खण्ड-खीरों, जनपद-रायबरेली के निवासी हैं। हमारे ग्राम सभा-सातनपुर में ए0एन0एम0 सेन्टर से सत्रेश्वर विद्या मन्दिर तक लगभग-800 मीटर सड़क बनवाये जाने हेतु जिला स्तर पर कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से विनम्र निवेदन है कि जनपद-रायबरेली के अन्तर्गत विकास खण्ड-खीरों, ग्राम सभा-सातनपुर में ए0एन0एम0 सेन्टर से सत्रेश्वर विद्या मन्दिर तक लगभग-800 मीटर इण्टरलॉकिंग रोड बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

-----

# नत्थी 'छ'

**याचिका की प्रतिलिपि**
**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,
माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः**-जनपद-रायबरेली के अन्तर्गत विकास खण्ड-जगतपुर, ग्राम-धोबहा में नहर से लेकर श्री वीरेन्द्र चौधरी के आवास तक लगभग-700 मीटर सड़क बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हम सभी ग्रामवासी ग्राम-धोबहा, विकास खण्ड-जगतपुर, जनपद-रायबरेली के मूल निवासी हैं। हमारे ग्राम में नहर से लेकर श्री वीरेन्द्र चौधरी के आवास तक लगभग-700 मीटर मार्ग अत्यन्त जर्जर अवस्था में है। जबकि जिला स्तर पर कई बार प्रयास किया गया, किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से आग्रह है कि ग्राम-धोबहा में नहर से लेकर श्री वीरेन्द्र चौधरी के आवास तक लगभग-700 मीटर सड़क बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर।

------

# नत्थी 'ज'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,
विधान परिषद्,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः-** जनपद-मेरठ के अन्तर्गत विकास खण्ड-किला परिक्षितगढ़, ग्राम सभा-जयसिंहपुर में पुनीत कुमार के खेत से राजकुमार, ग्राम खाईखेड़ा के खेत के पास असीलपुर माइनर पर लगभग 2.1 किलोमीटर सड़क बनवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपसे निवेदन करना है कि हम सब प्रार्थीगण ग्राम सभा-जयसिंहपुर, विकास खण्ड-किला परिक्षितगढ़, जनपद-मेरठ के निवासी हैं। हमारे ग्राम सभा-जयसिंहपुर में पुनीत कुमार के खेत से राजकुमार, ग्राम खाईखेड़ा के खेत तक लगभग-800 मीटर सड़क बनवाये जाने हेतु जिला स्तर पर कई बार अनुरोध किया गया। जबकि जिला स्तर पर धन भी उपलब्ध है।

अतः माननीय सदन से विनम्र निवेदन है कि ग्राम सभा-जयसिंहपुर में पुनीत कुमार के खेत से राजकुमार, ग्राम खाईखेड़ा के खेत के पास असीलपुर माइनर पर सड़क बनवाये जाने की कृपा करें।

प्रार्थीगण,
05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर,

---------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा मुद्रित।